11.06.2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार...

1- प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के लिए 24 हजार 420 करोड़ की सब्सिडी मंजूर।

2- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- प्रदेश में किसी परियोजना के लिए हरे पेड़ों को नहीं काटा जाएगा।

3- कृषि विभाग का कार्यभार संभालते ही एक्शन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कहा- किसान कल्याण के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।

4- शिवपुरी जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों को 'फार्म स्टे योजना' से जोड़ा जा रहा।

मोहन कैबिनेट बैठक

प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को 24 हजार 420 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में आज भोपाल में मंत्री परिषद की बैठक हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी, श्री विजयवर्गीय ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को 6000 करोड़ की सब्सिडी, सामान्य वर्ग के किसान को 13000 करोड़ की सब्सिडी, एससी-एसटी किसानों को 5000 करोड़ की सब्सिडी की मंजूरी दी गई है। स्वास्थ्य की गुणवत्ता में सुधार के लिए 607 पदों की पूर्ति सीधी भर्ती से कराने की मंजूरी दी। मंत्रि-परिषद ने सागर, खरगौन और गुना में नवीन विश्वविद्यालयों की स्थापना एवं शहडोल में पूर्व संचालित विश्वविद्यालय को सम्बद्धतादायी बनाए जाने पर पद-सृजन एवं वित्तीय- सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। प्रत्येक नये विश्वविद्यालय के लिए कुल 235 पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्रि-परिषद ने गौवंश की रक्षा करने के संकल्प के साथ इस वर्ष की चैत्र की गुड़ी पड़वा से अगले वर्ष तक गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाने का अनुमोदन दिया है।

## मुख्यमंत्री उपलब्धि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के छह माह पूरे हो रहे हैं। मौजूदा सरकार ने 13 दिसंबर को कामकाज संभाला था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डा यादव ने आज मीडिया से बातचीत के दौरान अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब कोई भी हरा पेड़ नहीं काटा जाएगा, बल्कि विस्थापन के जरिए दूसरे स्थान पर रोपा जाएगा। डॉ यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा 13 जून से शुरू हो जाएगी जबकि 16 जून से उज्जैन-ओंकारेश्वर-इंदौर-भोपाल के बीच पीएम श्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा भी शुरू होगी। मुख्यमंत्री ने आज पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के लिए फ्लाइट बुकिंग वेबसाइट का डिजिटली शुभारंभ भी किया। पहले चरण में इस सेवा के अंतर्गत भोपाल-सिंगरौली-जबलपुर-रीवा के बीच एयर टैक्सी का संचालन शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने बताया है कि प्रदेश में प्रतिमा निर्माण को लेकर सरकार ने फैसला लिया है कि अब प्रतिमाएं ठोस पत्थर की बनाई जाएगी और ये किसी अन्य राज्य से आर्डर देकर नहीं बल्कि प्रदेश के कलाकारों के सहयोग से बनवाई जाएंगी। सरकार कलाकारों को पत्थर से लेकर अन्य संसाधन उपलब्ध कराएगी।

उन्होंने केन बेतवा लिंक योजना, कालीसिंध योजना और गांधी सागर बांध सहित सरकार को जल संसाधन के मोर्चे पर मिली सफलताओं का उल्लेख किया। आर्थिक मोर्चे पर सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए डा यादव ने बताया कि पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक जीएसटी कलेक्शन हुआ है इससे सरकार को जन कल्याणकारी योजनाओं पर अमल में आसानी होगी।

## नए कानून

देशभर में 01 जुलाई 2024 से तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इसके संबंध में पुलिस प्रशासन को जानकारी देने का काम भी निरंतर जारी है। इस संबंध में छतरपुर पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने आकाशवाणी से बात की।

## केन्द्रीय मंत्री-राज्यमंत्री पदभार

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित है। विभाग का कार्यभार संभालने के बाद श्री वैष्णव ने कहा कि 3 करोड़ ग्रामीण एवं शहरी घरों के निर्माण के कैबिनेट का पहला फैसला गरीबों

के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार देश के लोगों की निरंतर सेवा करती रहेगी। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी आज कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करने बाद श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के किसानों की आय दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। किसानों के कल्याण के लिए हर संभव कदम उठाएगी। वहीं ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज संचार मंत्री का पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद श्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभाग में एक क्रांति देखी गई है। इस बीच, जगत प्रकाश नड्डा ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। हरदीप सिंह पुरी ने केंद्रीय पेट्रोलियम और गैस मंत्रालय और गजेंद्र सिंह शेखावत ने संस्कृति मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

<u>जल गंगा अभियान-शहडोल</u>

शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 7 लाख और नगरीय क्षेत्रों में 92 हजार पौधे लगाए जाएंगे। कलेक्टर तरुण भटनागर ने बताया कि इस अभियान के तहत जल संग्रहण संरचना के पुनरुद्धार, जीर्णोद्धार के अंतर्गत मुख्य रूप से कैचमेंट क्षेत्र में अवरोध को हटाया जा रहा है। फीडर चैनल बनाकर या अन्य आवश्यक उपाय कर पानी की आवक में वृद्धि की जाएगी। तालाबों की पिचिंग, बोल्डर—टो तथा घाट आदि की मरम्मत का कार्य, वेस्ट वियर के स्थान तथा रुपांकन में सुधार कर मरम्मत किया जा रहा है। मनरेगा के अलावा अन्य मद से जल संरचनाओं से गाद निकालना और गहरीकरण किया जा रहा है। पुराने कुओं व बावड़ियों की साफ—सफाई की जा रही है।

<u>शिवपुरी पर्यटन</u>

शिवपुरी जिले में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए फार्म स्टे योजना से ग्रामीणों को जोड़ा जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बोर्ड द्वारा फार्म स्टे के माध्यम से देसी-विदेशी पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति से जोड़ने की पहल की गई है। शिवपुरी के ग्राम हातौद में फार्म स्टे बैरागढ़ लिविंग पर भी फार्म स्टे की व्यवस्था शुरू की गई है। जिले में माधव नेशनल पार्क के नजदीक और सघन जंगल व पहाड़ियों से घिरे ग्राम हातोद में ठहरने का लुफ्त उठाने वाले पर्यटकों को जैविक खेती के माध्यम से शुद्ध भोजन भी मिल रहा है। इस नए नवाचार से गांव के विकास के साथ ग्रामीण संस्कृति को देखने के लिए देश-विदेश से कई पर्यटक भी आ रहे हैं। गौरतलब है कि शिवपुरी जिला मध्यप्रदेश के एक प्रमुख पर्यटन स्थलों

में से एक है। यहां पर माधव नेशनल पार्क, सिंधिया घराने की छत्रियां, प्राकृतिक जलप्रपात भदैयाकुंड, भूरा खो आदि हैं।

धार आग

धार जिले के पीथमपुर में सेक्टर 3 में स्थित पाइप फैक्ट्री सिग्नेट पाईप कंपनी में आज अचानक आग लग गई। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी एवं इंसिडेंट कमांडर शाश्वत शर्मा ने बताया की आग गोडाउन इलाके में लगी थी जहा हजारों पाइप आग की चपेट में आ गए है। आग पर काबू पाने के लिये धार, इंदौर, पीथमपुर, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया की करीब एक दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियां तैनात की गई और आसपास के इलाके के फैक्ट्रियों को भी खाली करवा दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि आगजनी में कोई भी जनहानि नहीं हुई है और आग पर काबू पा लिया गया हैं।

संक्षिप्त समाचार

1- आगरमालवा जिला शिक्षा कार्यालय के सभा कक्ष में कल आयोजित हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक मे उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत विशेष सर्वे अभियान अंतर्गत समस्त बीआरसी/बीईओ एवं ब्लॉक सह समन्वयक/संकुल सह समन्वयकों की एक कार्यशाला रखी गई।

2- खण्डवा जिले में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि आज जामली राजगढ़ में कलश यात्रा, भूमिपूजन, नाला गहरीकरण कार्य और सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

3- गुना जिले में नवाचार के साथ जनसुनवाई की शुरूआत हुई, इसमें विकासखंड स्तरीय अमले को भी ऑनलाइन जोड़ा गया।

4- मंदसौर में ढाई महीने बाद जनसुनवाई शुरू हुई। पहले दिन 58 लोग समस्या लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

5- शहडोल जिले में एक महीने में 3489 वाहनों का चालान कर 15 लाख 66 हजार का जुर्माना वसूला गया।

6- भोपाल सिंगरौली तथा सिंगरौली-निजामुद्दीन व निजामुद्दीन-सिंगरौली ट्रेनों के फेरे बढ़ाये गए।

7- नीमच में आज दोपहर बाद एक घंटे तक हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।